RAF SECTOR

NEWS CLIP

25/02/20

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Rajasthan Patrika, Ahmadabad (GJ)

ट्रंप के दौरे पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम

राज्यभर से बुलाए सुरक्षा कर्मी

अहमदाबाद. अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ-साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अहमदाबाद दौरे को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। एयरपोर्ट, रोड शो के रूट, साबरमती आश्रम और मोटेरा स्टेडियम पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। इन स्थलों पर पुलिसकर्मियों की फौज उतार दी गई है।

पुलिस आयुक्त आशिष भाटिया ने बताया कि ट्रंप के दौरे को लेकर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। इसके लिए अन्य जिलों से पुलिसकर्मी बुलाए गए हैं। 22 किलोमीटर लंबे रोड शो, साबरमती आश्रम एवं मोटेरा क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित नमस्ते ट्रप कार्यक्रम में व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई है।

इसके तहत 33 उप पुलिस आयुक्त (डीसीपी) स्तर के अधिकारी लगाए गए हैं। इसके अलावा 75 सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी), तीन सौ पुलिस निरीक्षक (पीएसआई), एक हजार पुलिस उपनिरीक्षक (पीएसआई), दो हजार महिला पुलिस और बारह हजार पुलिस जवान तैनात किए गए हैं। इसके अलावा एसआरपी की 15 कंपनियों के अलावा आरएएफ की 3 कंपनी लगाई गई है।

विभिन्न एजेंसियों का संयोजन

पुलिस आयुक्त के मुताबिक स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप (एसपीजी), एनएसजी तथा एयरफोर्स के साथ-साथ डिफेन्स रिसर्च एंड डवलेपमेंट ऑर्गेनाइजेशन (डीआरडीओ), अर्द्ध सैनिक बल, स्थानीय पुलिस, अमरीकी सिक्रेट सर्विस एक दूसरे के साथ बेहतर संयोजन कर सुरक्षा व्यवस्था में लगी है।

किसी भी संभावित इमरजेंसी से निपटने के लिए एसआरपी, मोर्चा स्कॉड तथा क्यूआरटी की सात टीमें मोर्चा संभालेंगी। रोड शो, स्टेडियम समेत विविध कार्यक्रम स्थलों पर 700 हैंड हेल्ड मेटल डिटेक्टर, स्टेडियम पर 143 डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर, करीब 150 दूरबीन समेत आधुनिक उपकरण भी होंगे। अनिच्छीय घटना नहीं बनने को लेकर एंटी सबोटेज टीम की व्यवस्था की गई है। 15 बम निरोधक दस्तों की टीम भी लगाई गई है। ये टीमें स्टेडियम,आश्रम व रोड शो के रूट पर तैनात रहेंगी। स्नीफर डॉग्स भी तैनात होंगे। मोर्चा स्क्वाड रोड शो के रूट और कॉन्वॉय के साथ होंगे।

सुचारू व्यवस्था के लिए कम्युनिकेशन प्लान भी बनाया गया है। इसके लिए 600 वॉकी टॉकी सेट्स का इंतजाम किया गया है जिससे संचार व्यवस्था सुचारू रूप से चल सके। एंटी ड्रोन एक्टिविटी के लिए डीआरडीओ ने व्यवस्था की है। किसी भी ड्रोन का उपयोग नहीं करने को कहा गया है। रोड शो के तहत डबल बैरिकेडिंग की व्यवस्था की गई है। बैगेज स्कैनर और क्राउड कंट्रोल की भी व्यवस्था की गई है। छतों से भी निगरानी रखी जाएगी।

मोटेरा स्टेडियम के कार्यक्रम के लिए अहमदाबाद के साथ-साथ गांधीनगर के अलावा पड़ोसी जिले से भी लोग आएंगे। इनकी जांच की जाएगी और स्टेडियम में तेजी से एंट्री के लिए व्यवस्था की गई है।

रोड शो में दिखेगी अनेकता में एकता की झलक

28 राज्यों से विभिन्न कलाकार पेश करेंगे भारतीय संस्कृति की झांकी

अहमदाबाद. अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एवं भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्रमोदी के सोमवार के दौरे को लेकर अहमदाबाद स्वागत को पूरी तरह तैयार है। इस अवसर पर होने वाले इंडिया रोड शो में भारत की अनेकता में एकता की झलक को पेश किया जाएगा। इस 22 किलोमीटर लंबे रोड शो में देश भर के 28 राज्यों के 1300 से अधिक कलाकार परंपरागत वेशभूषा में संगीत की धुन पर अतिथियों का स्वागत करेंगे।

यह रोड शो एयरपोर्ट से आरंभ होगा जो मोटेरा स्टेडियम तक आयोजित होगा। 28 स्टेज तैयार किए गए हैं जहां विविध राज्यों के लगभग एक हजार लोग वाद्य यंत्रों से स्वागत करेंगे। 12 स्टेज से स्कूलों के बच्चे, 23 स्टेज से विविध संप्रदायों के संत वेषभूषा में अतिथियों का अभिनंदन करेंगे।

ये रहेगा का रूट: इंडिया रोड शो एयरपोर्ट से शुरू होगा जो गुजसेल हैंगर, एयरपोर्ट सर्कल, कैंप हनुमान, मंदिर, डफनाला, साबरतमी रिवरफ्रंट, सुभाषब्रिज, आरटीओ सर्कल, गांधी आश्रम, आरटीओ सर्कल, सुभाषब्रिज, साबरमती रिवरफ्रंट, एयरपोर्ट सर्कल, इन्दिराब्रिज, मदर डेयरी, कोटेश्वर रोड, मोटेरा स्टेडियम तक लगभग बाईस किलोमीटर का रूट रहेगा।

Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।